Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 17 July 2024

Dainik Jagran
Page - 02, 04

जारी हुआ स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम

25 जुलाई से काउंसलिंग, शोध पात्रता परीक्षा की तिथि विश्वविद्यालय ने किया घोषित, 29 जुलाई से होगी परीक्षा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार की देर शाम स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया। साथ ही आनलाइन काउंसिलिंग की तिथि भी घोषित कर दिया। काउंसिलिंग 25 जुलाई से शुरू होगी। विश्वविद्यालय की ओर से यह भी घोषणा की गई कि परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम 20 जुलाई को जारी किए जाएंगे।

स्नातक के 15 पाठ्यक्रमों का प्रवेश परिणाम घोषित करते हुए कुलपति प्रो पूनम टंडन ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया में भी पूरे उत्साह और गंभीरता के साथ प्रतिभाग सुनिश्चित करेंगे।

चूंकि विश्वविद्यालय में पहली बार आनलाइन काउंसिलिंग होने वाली है, इसलिए कुलपति ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वह इसमें पूरी सतर्कता के साथ प्रतिभाग करें। किसी तरह की कोई गलती उनके मनचाहे पाठ्यक्रम में बाधा बन सकती है। उन्होंने बताया कि सभी परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission.in पर अपलोड कर दिए गए हैं, अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। कुलपति ने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने वाले विश्वविद्यालय के रूप में वह नवागत विद्यार्थियों के स्वागत के लिए उत्सुक हैं। काउंसलिंग के बाद परिसर में विद्यार्थियों को शैक्षणिक यात्रा गुणवत्तापूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश परीक्षाएं 27 जून से नौ जुलाई तक आयोजित की गई थीं। जिन स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं हुई थीं- उनमें बीए आनर्स, बीएससी आनर्स (गणित एवं जीवविज्ञान संवर्ग), बीकाम आनर्स, बीएससी आनर्स गृहविज्ञान, बीकाम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, बीए जेएमसी, बीएससी कृषि, बीटेक, बीएचएमसीटी, बीबीए, बीसीए, बीए एलएलबी, बीएससी एमएलटी तथा बीपीटी कोर्स शामिल हैं।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। जल्द ही इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा।

गोवि के स्नातक प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी करतीं कुलपति प्रो . पूनम टंडन • सौ . गोवि

ऐसे देख सकते हैं रिजल्ट

अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission.in पर उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भर कर अपना परिणाम देख सकेंगे। परिणाम डाउनलोड करने का विकल्प भी उनके पास है।

स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र अपलोड करें पीजी प्रवेश आवेदक

प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने पीजी, एलएलबी और बीपीएड प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है कि जिन अभ्यर्थियों ने अब तक अपनी योग्यता प्रदायी परीक्षा अर्थात स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र अपलोड नहीं किया है, वे अभ्यर्थी 19 जुलाई तक उसे अवश्य अपलोड कर दें। यदि किन्हीं कारणों से अभ्यर्थियों को अंकपत्र नहीं मिल पाया हो तो आनलाइन उपलब्ध अंकपत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा के टापर

बीए आनर्स- विश्वजीत सिंह, बीए (बेचलर आफ जर्नलिज्म) आनर्स- विनीत कुमार सिंह, बीएससी कृषि- रिशु शर्मा, बीएससी बायो- मान्या मिश्रा, बीएससी मैथ- शिव शंकर दूबे, बीएससी एमएलटी- तृप्ति तिवारी, बीएससी गृह विज्ञान- उत्सव कुमारी, बीटेक- स्वाती गुप्ता, बीए- एलएलबी- अमन कुमार मौर्य, बीबीए- वंशिका साहनी, बीसीए- अंकुर सिंह, बीकाम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस)- तस्मिया मुमताज, बीकाम आनर्स- ध्रुव अग्रवाल, बेचलर आफ होटल मैनेजमेंट- श्रेया कुमारी, बीपीटी- जुवेरिया इरशाद।

शोध पात्रता परीक्षा को पांच हजार अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

सत्र-2023 की शोध पात्रता परीक्षा (रेट) की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। यह परीक्षा 29 और 30 जुलाई को होगी। कुल 36 विषयों के लिए लगभग पांच हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष ने बताया कि प्रवेश पत्र 23 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग में आगामी 19-20 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुदानित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक लगभग एक दर्जन सत्रों में विभिन्न विद्वानों द्वारा विगत वर्ष भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों जैसे ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट, पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण, जैसे मूल मंत्र पर व्यावहारिक उपाय प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें विभिन्न विद्वान पिछले वर्ष भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों जैसे- ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट, पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण, जैसे मूल मंत्र पर व्यवहारिक उपाय प्रस्तुत करेंगे। इस पैक्ट में समानुपातिक विकास, वैश्विक स्तर पर कार्बन के न्यूनतम उत्सर्जन पर कार्ययोजना, जैविक ईंधन पर उपाय, प्लास्टिक के न्यूनतम प्रयोग और मानव जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ वायु आदि महत्वपूर्ण विषय हैं।

देश-विदेश के विद्वानों का जमावड़ा : सेमिनार में सतत विकास के लक्ष्यों पर बात करने के लिए देश-विदेश के मानद विद्वानों का जमावड़ा होगा। इसमें लगभग दो दर्जन उपविषय भी प्रस्तावित किए गए हैं।

'गोरखपथ' के दूसरे अंक का कुलपति ने किया विमोचन

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ की त्रैमासिक ई-पत्रिका 'गोरखपथ' के द्वितीय वर्ष के दूसरे अंक का विमोचन मंगलवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। पत्रिका के विमोचन के बाद शोधपीठ के उपनिदेशक डा. कुशलनाथ मिश्र ने बताया कि शोधपीठ के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों से युक्त यह पत्रिका नियमित रूप से विश्वविद्यालय एवं शोधपीठ की आधिकारिक वेबसाइट की जाती है। यह अंक अप्रैल, मई एवं जून में शोधपीठ में हुई गतिविधियों पर आधारित है। इस अवसर पर शोधपीठ की सहायक निदेशक डा. सोनल सिंह, सहायक ग्रंथालयी डा. मनोज कुमार द्विवेदी, रिसर्च एसोसिएट डा. सुनील कुमार और संपादन सहयोगी शोध अध्येता हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)।

Amar Ujala
Page - 02,03,04

डीडीयू : स्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

25 जुलाई से होगी काउंसिलिंग, 29 और 30 जुलाई को होगी शोध पात्रता परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए गए। परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission.in पर देखे जा सकते हैं। ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम 20 जुलाई को घोषित किए जाएंगे।

स्नातक के 15 पाठ्यक्रमों का परिणाम घोषित करते हुए कुलपति प्रो पूनम टंडन ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे काउंसलिंग प्रक्रिया में भी इसी प्रकार पूरे उत्साह और गंभीरता से प्रतिभाग करेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission. in पर उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भर कर अपना परिणाम देख और डाउनलोड भी कर सकते हैं।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। जल्द ही इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा।

स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र जल्द करें अपलोड : प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने पीजी, एलएलबी और बीपीएड प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है कि जिन अभ्यर्थियों ने अब तक अपनी योग्यता प्रदायी परीक्षा अर्थात स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र अपलोड नहीं किया है, वह 19 जुलाई तक उसे अवश्य अपलोड कर दें। यदि किन्हीं कारणों से उन्हें अंकपत्र नहीं मिल पाया हो तो ऑनलाइन उपलब्ध अंकपत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करें।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की एडमिशन वेबसाइट पर क्लिक कर प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी किया। अमा ड्राकला

ये हैं स्नातक प्रवेश परीक्षा के टॉपर्स

बीए आनर्स विश्वजीत सिंह, बीए (बैचलर आफ जर्नलिज्म) आनर्स- विनीत कुमार सिंह, बीएससी कृषि- रिशु शर्मा, बीएससी बायो- मान्या मिश्रा, बीएससी मैथ- शिव शंकर दूबे, बीएससी एमएलटी- तृप्ति तिवारी, बीएससी गृह विज्ञान- उत्सव कुमारी, बीटेक- स्वाती गुप्ता, बीए- एलएलबी- अमन कुमार मौर्य, बीबीए- वंशिका साहनी, बीसीए- अंकुर सिंह, बीकाम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस)- तस्मिया मुमताज, बीकाम आनर्स- ध्रुव अग्रवाल, बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट- श्रेया कुमारी, बीपीटी- जुवेरिया इरशाद।

गोरखपथ के दूसरे अंक का कुलपति ने किया विमोचन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ शोधपीठ की त्रैमासिक ई-पत्रिका गोरखपथ के द्वितीय वर्ष के दूसरे अंक का विमोचन कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। शोधपीठ के उप निदेशक डॉ. कुशलनाथ मिश्र ने बताया कि शोधपीठ के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों से युक्त यह पत्रिका नियमित रूप से विश्वविद्यालय एवं शोधपीठ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। यह अंक अप्रैल, मई एवं जून में शोधपीठ में हुई गतिविधियों पर आधारित है। इस अवसर पर शोधपीठ की सहायक निदेशक डॉ. सोनल सिंह, सहायक ग्रन्थालयी डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुनील कुमार, सोनल सिंह, सहायक कंपालनी डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुनील कुमार एवं संपादन सहयोगी शोध अध्येता हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहे। साभार

डीडीयू के छात्र फिल्मों के जरिये सीखेंगे साहित्य का ज्ञान

हैदर, देवदास, मिडनाइट्स चिल्ड्रेन फिल्मों के बारे में पढ़ेंगे पीजी के छात्र

अंग्रेजी विभाग में पीजी के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया फिल्मों को

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र फिल्मों के माध्यम से साहित्य का ज्ञान सीखेंगे। विश्वविद्यालय इस सत्र से शुरू हो रहे नए पाठ्यक्रम में परास्नातक में फिल्मों के माध्यम से साहित्य की कड़ियों को जोड़ने जा रहा है। अंग्रेजी विभाग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम में उपन्यास और नाटक पर आधारित फिल्मों को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है।

नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को छात्रों के लिए लचीला और रोचक बनाने पर जोर दिया गया है। पाठ्यक्रम को फिल्मों के अध्ययन से छात्र साहित्य को और भी गहराई से समझ सकेंगे। परास्नातक में अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में चतुर्थ सेमेस्टर में कल्चर और फिल्म स्टडीज के तहत फिल्मों को जोड़ा गया है।

विशाल भारद्वाज के निर्देशन में शेक्सपीयर के हैमलेट पर बनी फिल्म हैदर और विमल रॉय व संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म देवदास, मीरा नायर की मिडनाइट्स चिल्ड्रेन, डेविड जोस की बैटल, चैस स्नेयर फिल्मों को जोड़ा गया है। फिल्मों में साहित्य की बारीकियों से दर्शाया जाता है। फिल्मों सभ्यता और संस्कृति को समझने के रोचक माध्यम है।

फिल्मों के संवाद, वेषभूषा, ग्राफिक्स, संगीत साहित्य के सौंदर्य को दर्शाते हैं। छात्रों को फिल्मों के माध्यम से साहित्य को समझने और उन्हें मौजूद भावों को आत्मसात करने के उद्देश्य से फिल्मों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। फिल्मों की विभिन्न शैली कॉमेडी, बायोपिक्स, सस्पेंस, थ्रिलर, रोमांस, महाकाव्य, संगीतमय, हॉरर, एक्शन के साथ एडवेंचर का अध्ययन भी पाठ्यक्रम के अंतर्गत जोड़ा गया है। स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से छात्र फिल्मों को देखकर उसके बारे में समझेंगे। इससे छात्र फिल्मों के बहुआयामी स्वरूप के माध्यम से साहित्य की गहराइयों को समझ सकेंगे।

गोरखपथ के दूसरे अंक का कुलपति ने किया विमोचन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ शोधपीठ की त्रैमासिक ई-पत्रिका गोरखपथ के द्वितीय वर्ष के दूसरे अंक का विमोचन कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। शोधपीठ के उप निदेशक डॉ. कुशलनाथ मिश्र ने बताया कि शोधपीठ के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों से युक्त यह पत्रिका नियमित रूप से विश्वविद्यालय एवं शोधपीठ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। यह अंक अप्रैल, मई एवं जून में शोधपीठ में हुई गतिविधियों पर आधारित है। इस अवसर पर शोधपीठ की सहायक निदेशक डा. सोनल सिंह, सहायक ग्रन्थालयी डा. मनोज कुमार द्विवेदी, रिसर्च एसोसिएट डा. सुनील कुमार, सोनल सिंह, सहायक कंपालनी डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुनील कुमार एवं संपादन सहयोगी शोध अध्येता हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहे। साभार

करन मिस्टर और दीपशिखा बनीं मिस फेयरवेल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में मनोविज्ञान परिषद की ओर से एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें करन कुमार त्रिपाठी को मिस्टर फेयरवेल और दीपशिखा सिंह को मिस फेयरवेल चुना गया। विभागाध्यक्ष प्रो. धनंजय कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. विस्मिता पालीवाल, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. प्रियंका गौतम, डॉ. रश्मि रानी, डॉ. रामकीर्ति सिंह, डॉ. गिरिजेश यादव आदि मौजूद रहे। साभार

डीडीयू के मनोविज्ञान विभाग में आयोजित विदाई समारोह में करन त्रिपाठी मिस्टर फेयरवेल और दीपशिखा सिंह मिस फेयरवेल चुनी गईं। अमा ड्राकला

जी-20 और सतत विकास पर होगा सेमिनार

डीडीयू : 19-20 सितंबर को संवाद भवन में अंग्रेजी विभाग कराएगा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय 2025 में अपनी स्थापना का 75वां वर्षगांठ मनाएगा। इसको लेकर वर्तमान सत्र में कई बड़े सेमिनार आयोजित करने की तैयारी है। अंग्रेजी विभाग की ओर से 19 और 20 सितंबर को जी-20 और सतत विकास पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से अनुदानित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक लगभग एक दर्जन सत्र होंगे। इसमें विभिन्न विद्वान पिछले वर्ष भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों जैसे- ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट, पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण, जैसे मूल मंत्र पर व्यवहारिक उपाय प्रस्तुत करेंगे।

विश्वविद्यालय के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे सेमिनार

अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से अनुदानित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक लगभग एक दर्जन सत्र होंगे। इसमें विभिन्न विद्वान पिछले वर्ष भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों जैसे- ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट, पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण, जैसे मूल मंत्र पर व्यावहारिक उपाय प्रस्तुत करेंगे।

इस पैक्ट में समानुपातिक विकास, वैश्विक स्तर पर कार्बन के न्यूनतम उत्सर्जन पर कार्ययोजना, जैविक ईंधन पर उपाय, प्लास्टिक के न्यूनतम प्रयोग और मानव जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ वायु आदि महत्वपूर्ण विषय हैं।

देश-विदेश के विद्वानों का जमावड़ा : सेमिनार में सतत विकास के लक्ष्यों पर बात करने के लिए देश-विदेश के मानद विद्वानों का जमावड़ा होगा। इसमें लगभग दो दर्जन उपविषय भी प्रस्तावित किए गए हैं।

> अंग्रेजी विभाग की ओर से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में दक्षिण एशियाई अंग्रेजी साहित्य में जी-20 एवं सतत विकास पर विचार विमर्श होगा। उच्च शिक्षा का यही अभीष्ट लक्ष्य भी है कि उसे समाज की समस्याओं से सीधे जोड़ा जाए और समाधान के नए मार्ग प्रशस्त किए जाएं।
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

डीडीयू : छात्र फिल्मों से सीखेंगे साहित्य का ज्ञान

हैदर, देवदास और मिडनाइट्स चिल्ड्रेन फिल्मों के बारे में पढ़ेंगे पीजी के छात्र

पाठ्यक्रम में फिल्मों को शामिल करने का उद्देश्य छात्रों को फिल्मों के माध्यम से साहित्य के सौंदर्य और विशेषताओं से अवगत कराना है। युवा पीढ़ी फिल्मों में विशेष तौर से रुचि लेती है। फिल्मों को पाठ्यक्रम में शामिल करने से साहित्य के भावों को समझना और व्याख्या करना आसान हो जाएगा। - प्रो. अजय शुक्ला, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग

डीडीयू में स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का रिजल्ट जारी

- 25 जुलाई से काउंसिलिंग, 20 को जारी होंगे परास्नातक के प्रवेश परीक्षा परिणाम
- काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी करेगा विश्वविद्यालय

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार की देर शाम स्नातक प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया। ऑनलाइन काउंसलिंग 25 जुलाई से शुरू होगी। परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम 20 जुलाई को जारी होंगे।

स्नातक के 15 पाठ्यक्रमों का प्रवेश परिणाम घोषित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया में भी पूरे उत्साह और गंभीरता के साथ प्रतिभाग सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय में पहली बार ऑनलाइन काउंसलिंग होने वाली है, इसलिए कुलपति ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वह इसमें पूरी सतर्कता के साथ प्रतिभाग करें।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से 9 जुलाई तक आयोजित की गई थीं। शीघ्र ही काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

ऐसे देख सकते हैं रिजल्ट : अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भरकर परिणाम देख सकेंगे। स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र

> प्रदेश में सबसे पहले प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने वाले विश्वविद्यालय के रूप में वह नवागत विद्यार्थियों के स्वागत के लिए उत्सुक हैं। काउंसलिंग के बाद परिसर में विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा गुणवत्तापूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।
> प्रो. पूनम टंडन, डीडीयू

ये हैं प्रवेश परीक्षा के टॉपर्स

बीए आनर्स की प्रवेश परीक्षा में विश्वजीत सिंह ने टॉप किया है। इसी तरह बीए जेएमसी ऑनर्स में विनीत कुमार सिंह, बीएससी कृषि में रिशु शर्मा, बीएससी बायो मान्या मिश्रा, बीएससी मैथ शिव शंकर दूबे, बीएससी एमएलटी तृप्ति तिवारी, बीएससी गृह विज्ञान उत्सव कुमारी, बीटेक स्वाति गुप्ता, बीए एलएलबी- अमन कुमार मौर्य, बीबीए वंशिका साहनी, बीसीए अंकुर सिंह, बीकाम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस) तस्मिया मुमताज, बीकॉम ऑनर्स- ध्रुव अग्रवाल, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट- श्रेया कुमारी व बीपीटी की परीक्षा में जुवेरिया इरशाद ने टॉप किया है।

जी-20 और सतत विकास पर होगा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

गोरखपुर। डीडीयू 2025 में अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मनाएगा। इसे लेकर वर्तमान सत्र में कई बड़े सेमिनार आयोजित करने की तैयारी है। अंग्रेजी विभाग द्वारा 19 और 20 सितंबर को जी-20 और सतत विकास पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुदानित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक लगभग एक दर्जन सत्र होंगे।

अपलोड करें पीजी के आवेदक : पीजी, एलएलबी और बीपीएड प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले कई अभ्यर्थियों ने स्नातक तृतीय वर्ष का अंक पत्र अपलोड नहीं किया है। ऐसे अभ्यर्थी 19 जुलाई तक अवश्य अपलोड कर दें। किन्हीं कारणों से उन्हें अंकपत्र नहीं मिल पावा हो तो ऑनलाइन उपलब्ध अंकपत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करें।

शोध पात्रता परीक्षा 29-30 को : प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि सत्र-2023 की शोध पात्रता परीक्षा 29 व 30 जुलाई को दो-दो पालियों में होगी। कई अभ्यर्थियों ने दो-दो विषयों में आवेदन किया है, इसे देखते हुए 'रेट' की तिथि दो दिन रखी गई है।

Amar Ujala Select
Page - 02, 04

डीडीयू : स्नातक प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, 25 से होगी काउंसिलिंग

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम मंगलवार घोषित कर दिए गए। परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission.in पर देखे जा सकते हैं। ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। परास्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम 20 जुलाई को घोषित किए जाएंगे।

स्नातक के 15 पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे काउंसलिंग प्रक्रिया में भी इसी प्रकार पूरे उत्साह और गंभीरता से प्रतिभाग करेंगे।

अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल www.ddduguadmission. in पर उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भर कर अपना परिणाम देख सकेंगे। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी।

प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन।

www.ddduguadmission. in पर उपलब्ध परिणाम के बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि भर कर अपना परिणाम देख और डाउनलोड भी कर सकते हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी।

शोध पात्रता परीक्षा 29 और 30 जुलाई को होगी

स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र जल्द करें अपलोड

प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने पीजी, एलएलबी और बीपीएड प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अपील की है कि जिन अभ्यर्थियों ने अब तक अपनी योग्यता प्रदायी परीक्षा अर्थात स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र अपलोड नहीं किया है, वह 19 जुलाई तक उसे अवश्य अपलोड कर दें। यदि किन्हीं कारणों से उन्हें अंकपत्र नहीं मिल पाया हो तो ऑनलाइन उपलब्ध अंकपत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करें।

डीडीयू के छात्र फिल्मों के जरिये सीखेंगे साहित्य का ज्ञान

हैदर, देवदास, मिडनाइट्स चिल्ड्रेन फिल्मों के बारे में पढ़ेंगे पीजी के छात्र

अंग्रेजी विभाग में पीजी के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया फिल्मों को

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र फिल्मों के माध्यम से साहित्य का ज्ञान सीखेंगे। विश्वविद्यालय इस सत्र से शुरू हो रहे नए पाठ्यक्रम में परास्नातक में फिल्मों के माध्यम से साहित्य की कड़ियों को जोड़ने जा रहा है। अंग्रेजी विभाग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम में उपन्यास और नाटक पर आधारित फिल्मों को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है।

नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को छात्रों के लिए लचीला और रोचक बनाने पर जोर दिया गया है। पाठ्यक्रम को फिल्मों के अध्ययन से छात्र साहित्य को और भी गहराई से समझ सकेंगे। परास्नातक में अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में चतुर्थ सेमेस्टर में कल्चर और फिल्म स्टडीज के तहत फिल्मों को जोड़ा गया है।

विशाल भारद्वाज के निर्देशन में शेक्सपीयर के हैमलेट पर बनी फिल्म हैदर और विमल रॉय व संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म देवदास, मीरा नायर की मिडनाइट्स चिल्ड्रेन, डेविड जोस की बैटल, चैस स्नेयर फिल्मों को जोड़ा गया है। फिल्मों में साहित्य की बारीकियों से दर्शाया जाता है। फिल्मों सभ्यता और संस्कृति को समझने के रोचक माध्यम है।

फिल्मों के संवाद, वेषभूषा, ग्राफिक्स, संगीत साहित्य के सौंदर्य को दर्शाते हैं। छात्रों को फिल्मों के माध्यम से साहित्य को समझने और उन्हें मौजूद भावों को आत्मसात करने के उद्देश्य से फिल्मों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। फिल्मों की विभिन्न शैली कॉमेडी, बायोपिक्स, सस्पेंस, थ्रिलर, रोमांस, महाकाव्य, संगीतमय, हॉरर, एक्शन के साथ एडवेंचर का अध्ययन भी पाठ्यक्रम के अंतर्गत जोड़ा गया है। स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से छात्र फिल्मों को देखकर उसके बारे में समझेंगे। इससे छात्र फिल्मों के बहुआयामी स्वरूप के माध्यम से साहित्य की गहराइयों को समझ सकेंगे।

डीडीयू : जी-20 और सतत विकास पर होगा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

19-20 सितंबर को संवाद भवन में अंग्रेजी विभाग कराएगा आयोजन, गोरखपुर विश्वविद्यालय के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे सेमिनार

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय 2025 में अपनी स्थापना का 75वां वर्षगांठ मनाएगा। इसको लेकर वर्तमान सत्र में कई बड़े सेमिनार आयोजित करने की तैयारी है। अंग्रेजी विभाग की ओर से 19 और 20 सितंबर को जी-20 और सतत विकास पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से अनुदानित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक लगभग एक दर्जन सत्र होंगे। इसमें विभिन्न विद्वान पिछले वर्ष भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों जैसे- ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट, पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण, जैसे मूल मंत्र पर व्यवहारिक उपाय प्रस्तुत करेंगे। इस पैक्ट में समानुपातिक विकास, वैश्विक स्तर पर कार्बन के न्यूनतम उत्सर्जन पर कार्ययोजना, जैविक ईंधन पर उपाय, प्लास्टिक के न्यूनतम प्रयोग और मानव जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ वायु आदि महत्वपूर्ण विषय हैं।

अ